**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 1946**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## समुद्री विमान सेवा

**1946. श्रीमती माला रायः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में समुद्री विमान सेवा की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) कितने समुद्री विमान मार्ग आज की तिथि तक संचालित हैं;

(ग) समुद्री विमान से 30.06.2025 तक यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या कितनी है; और

(घ) देश में इस सेवा का संचालन करने वाले समुद्री विमान संचालकों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक 3.0 (आरसीएस-'उडान' 3.0) के तहत वाटर एयरोड्रोमों से समुद्री विमान परिचालन शुरू किया था। बोली प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के दौरान, गुजरात, असम, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, हिमाचल प्रदेश और लक्षद्वीप राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में समुद्री विमान परिचालन हेतु 25 वाटर एयरोड्रोमों को जोड़ने वाले 32 वैध समुद्री विमान मार्ग अवार्ड किए गए हैं।

उड़ान 5.5 के तहत आंध्र प्रदेश, केरल राज्यों तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र में वाटर-बॉडीज को जोड़ने के लिए बोली हेतु एयरलाइन प्रचालकों को आशय-पत्र (एलओआई) जारी किए गए हैं।

(ख) से (घ): वर्तमान में, कोई कार्यशील समुद्री विमान मार्ग मौजूद नहीं हैं।

*****